हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 26 जनवरी 2026
जींद

तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

10 गणतंत्र दिवस को लेकर सभी तैयारिया पूरी



10 गणतंत्र के गौरव में नन्हे कदमों की गूंज














# कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते : अनिल

**मुंबई।** साल 2024 में फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर आई थी। इसमें अनिल कपूर भी अहम रोल में नजर आए थे। इसकी रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर पुरानी यादों में खो गए हैं। उनका कहना है कि इस फिल्म से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। उन्होंने 'फाइटर' से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'दो साल बीत गए। 'फाइटर' अब भी ऊंची उड़ान पर है। पीछे मुड़कर देखने पर उन यादों के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी लंबे समय तक रहती हैं। कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते।

## लाइफ Style

# मौनी

## इवेंट में हुई छेड़छाड़ पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में एक ऐसे घटनाक्रम का सामना करना पड़ा, जिसको लेकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है। अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में हरियाणा में हुए एक कार्यक्रम में कुछ बुजुर्ग पुरुषों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। एक्ट्रेस इस हैरान कर देने वाले घटनाक्रम से सदमे में हैं और उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। मौनी ने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी साझा की हैं। इनमें उन्होंने लंबे नोट के साथ अपने साथ हुए हादसे का जिक्र किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'पिछले दिनों करनाल में एक कार्यक्रम था और मेहमानों के व्यवहार से मैं बेहद निराश हूं। खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा-दादी की उम्र के हैं। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ और मैं मंच की ओर बढ़ी, अंकल और परिवार के सदस्यों सभी पुरुष ने तस्वीरें खींचने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जब मैंने कहा सर, कृपया अपना हाथ हटा लें, तो उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया।'अभिनेत्री ने आगे बताया, 'मंच पर तो और भी बुरा हाल था। दो अंकल ठीक मेरे सामने खड़े हो गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे, मुझे अश्लील इशारे करने लगे और गालियां देने लगे। मुझे इसका एहसास हुआ और मैंने पहले तो विनम्रता से उन्हें ऐसा न करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया।



## हॉलीवुड मसाला



### लाइवली-टेलर ने जस्टिन पर


# बोला धावा

**लॉस एंजिल्स।** टेलर स्विफ्ट और ब्लेक लाइवली की निजी चैट लीक हो गई हैं, जिससे हॉलीवुड में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेलर स्विफ्ट और ब्लैक लाइवली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह ये है कि दोनों की प्राइवेट चैट लीक हो गई है। इस तरह फिल्मी दुनिया में पर्दे के पीछे चल रहे विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म इट एंड्स विद अस से शुरू हुआ विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। ब्लेक लाइवली और टेलर स्विफ्ट अभिनेता-निर्देशक जस्टिन बाल्डोनी से जुड़े हाई-प्रोफाइल कानूनी विवाद का हिस्सा बन गई हैं।



# हॉलीवुड की वो फिल्म जिसमें दिखी महाभारत की झलक

**लॉस एंजिल्स।** साल 2000 में हॉलीवुड में एक फिल्म आई जिसका नाम था 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस'। इस फिल्म को बनाने के पीछे का उद्देश्य यूं तो आम सा था, लेकिन असल में फिल्म की कहानी कहीं और सो नहीं बल्कि 'महाभारत' से इंस्पायर्ड थी और फिल्म उस दौर में कल्ट क्लासिक बनी थी। फिल्म की कहानी है उस 'अर्जुन' के ऊपर आधारित थी, जो असल में अपने मन की एकाग्रता खो चुका है और फिर उसके जीवन में एक 'कृष्ण' की एंट्री होती है जो उसकी खोई हुई शक्तियों और उसके आत्मविश्वास को याद दिलाता है। विल स्मिथ और मैट डैमन की फिल्म 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस' की इसी पर आधारित थी। फिल्म का बैकग्राउंड 1916 के सवाना यानि जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित था। यहीं पर रन्नुल्फ जूनह का किरदार निभाने वाले मैट डैमन एक समय के बेहतरीन गोल्फर हुआ करते थे, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के सदमे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।



# सिनेमाघर पहुंचकर बोला भारत माता की जय

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 23 जनवरी से वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही है। दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। पहले और दूसरे दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। सभी कलाकार अपने-अपने हिसाब से दर्शकों का आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में वरुण धवन एक सिनेमाघर में पहुंचे और दर्शकों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वरुण धवन उस सिनेमाघर में पहुंचे जहां फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही थी। वह जैसे ही यहां पहुंचे सिनेमाघर तेज आवाज और सीटियों से गूंज उठा। वरुण धवन ने दर्शकों से पूछा, 'आप लोगों को फिल्म कैसी लग रही है?' इस पर दर्शकों ने जवाब दिया 'बहुत अच्छी लग रही है।' इसके बाद उन्होंने जोर से भारत माता की जय बोला।



# किंग का दमदार टीजर किया जारी...

**मुंबई।** इस बार क्रिसमस का त्योहार शाहरुख खान के नाम होने वाला है। 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान के किरदार का लुक भी सामने आया है। साथ ही फिल्म की कहानी की भी झलक मिली है। शाहरुख खान ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में 'किंग' का दमदार टीजर शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।' किंग खान की इस पोस्ट को फैंस ने भी लाइक किया है। वह अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान का किरदार पहले एक पहाड़ की चोटी पर नजर आता है। फिर अचानक जोर से चींखता है। इसके बाद एक कांच की छत को तोड़ते हुए शाहरुख का किरदार सामने आता है। वह खून से लथपथ नजर आता है।

## टीवी मसाला



# कॉमेडी नाइट्स शो छोड़ने का नहीं है कोई मलाल : उपासना

**नई दिल्ली।** कॉमेडी नाइट्स विद कपिल की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस उपासना सिंह को आज भी लोग पिंकी बुआ के नाम से याद करते हैं। उन्होंने कपिल का शो छोड़ने के बरसों बाद अपनी खामोशी तोड़ी है। अक्सर उनके और कपिल के बीच अनबन की खबरें उड़ती रहती हैं, लेकिन उपासना ने इन सबको अफवाह करार दिया है। उन्होंने बेहद शालीनता से कहा कि उनके मन में शो छोड़ने को लेकर कोई दुख या मलाल नहीं है। उपासना ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि कपिल आज भी उनके छोटे भाई जैसे हैं। फिलहाल वह पंजाबी फिल्मों में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी के तौर पर भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों की पेमेंट समय पर दिलाने और काम के घंटे तय करने जैसे जरूरी मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब हमने ढाई साल एक साथ काम किया था। बहुत प्यारे दिन थे और मेरा किरदार पिंकी बुआ बहुत पसंद किया गया था, जैसे फिल्म 'जुदाई' का 'अब्बा, जब्बा, डब्बा'वाला किरदार फेमस हुआ था।' उपासना सिंह ने कहा, 'मैं कपिल और सारी टीम के लिए बहुत खुश हूं और मेरे मन में कोई दुख नहीं है कि मैं अब शो का हिस्सा नहीं हूं। मेरा मानना है कि जब तक भगवान ने मेरा काम वहां लिखा था, मैंने किया। मेरा और कपिल का कोई झगड़ा नहीं है।

## परिवार की मौत का बदला ही नहीं देश की रक्षा भी बना मकसद

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' शुरू हुआ है। सीरियल में प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं। जल्द ही आम लड़की पूर्वी नागिन बनकर अपने परिवार की मौत का बदला लेगी। साथ ही सीरियल में वह देश की रक्षा भी करेगी। नाग मणि पान के लिए कुछ लोगों ने मिलकर पूर्वी के परिवार को मार डाला। अब वह अपना नागिन का रूप पहचान चुकी है। उसका एक ही मकसद रह गया है, अपने परिवार की मौत का बदला। उसे हत्यारों के घर में एंट्री ली है। वह एक-एक करके उन लोगों को मारेगी, जो उसके परिवार की मौत के जिम्मेदार हैं। साथ ही यही लोग देश को नुकसान भी पहुंचाने वाले हैं। ऐसे में पूर्वी नागिन बनकर, सभी बुरे लोगों का खात्मा करेगी। दूसरे हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में सीरियल 'नागिन 7' को तीसरा स्थान मिला है।



# शहीद निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले सनी देओल

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार अदा किया है। सनी देओल ने हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि हमारी जल, थल और वायुसेना ने किस बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने 1971 युद्ध के हीरो शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की भूमिका निभाई है। सनी देओल हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले। सनी देओल ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें अभिनेता निर्मलजीत सिंह के परिवार के सदस्य के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'हमारे हीरो परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के परिवार से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी। फिल्म 'बॉर्डर 2' में इनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे हैं, जिनकी बेमिसाल बहादुरी की सच्ची कहानी आप फिल्म में देखेंगे। उनके परिवार से मिलना बहुत अच्छा और यादगार था'। निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 के युद्ध में श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तानी जेट हमलों का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने पाकिस्तान के छह फाइटर जेट खदेड़कर भारत माता की सुरक्षा की थी। महज 26 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए प्राण नौछावर कर दिए।



# ये हैं संविधान की अहमियत बताने वाली फिल्में

## मुल्क से लेकर जय भीम तक, संविधान का महत्व समझाती कहानियां

**नई दिल्ली।** आज हर देशवासी 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमें संविधान की अहमियत समझाता है। संविधान हर भारतीय नागरिक के जीवन को कैसे सशक्त बनाता है। हमें हमारे अधिकारों से संविधान परिचित करवाता है। इस अवसर पर आप ऐसी कुछ चर्चित फिल्में भी देख सकते हैं, जो संविधान का महत्व समझाती हैं। कैसे संविधान से एक नागरिक का जीवन बदलता है, उसकी झलक इन फिल्मों की कहानियों में नजर आती है।



***मुल्क :*** ऋषि कपूर स्टारर की फिल्म 'मुल्क' 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक अल्पसंख्यक परिवार की कहानी थी, सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न का शिकार होता है। ऐसे में यह परिवार कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। इस परिवार की बहू जो पेशे से वकील है, संविधान के आर्टिकल 15 के तहत अपने हक के लिए केस लड़ती है। संविधान का आर्टिकल 15 राज्य में धर्म, जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव को रोकता है।

***आर्टिकल 15 :*** अनुभव सिन्हा ने ही एक फिल्म 'आर्टिकल 15' बनाई थी। यह फिल्म भी आम नागरिक को उसे हक के बारे में जागरुक करती है। इस फिल्म में लीड रोल में आयुषमान खुराना थे। फिल्म की कहानी में तीन लड़कियों का अपहरण हो जाता है। इस केस के लिए जब आयुषमान खुराना पुलिस ऑफिसर बनकर जांच करते हैं तो मामला 'आर्टिकल 15' के हनन का निकलता है।

***जय भीम :*** साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में भी सामाजिक भेदभाव की कहानी थी। यह तमिल लीगल ड्रामा फिल्म 1993 में हुई एक असल घटना पर आधारित थी। 'जय भीम' को एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में एडवोकेट चंद्रू का किरदार सूर्या ने निभाया था, वह इरुलर कबीले के हकों के लिए कानून का दरवाजा खटखटाते हैं। यह फिल्म संविधान के 'आर्टिकल 17' का महत्व बताती हैं। संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार छुआछात गैरकानूनी है।

***न्यूटन :*** साल 2017 में रिलीज हुई राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'न्यूटन' की कहानी भी नागरिकों वोट देने के उनके मौलिक अधिकारों से अवगत कराती है। संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। इस फिल्म की कहानी में राजकुमार राव एक सरकारी कर्मचारी है, जिसे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में वोटिंग करवाने की जिम्मेदारी मिलती है।

## सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो दिलों को छू गई

# इन देशभक्ति गानों को सुनकर जोश से भर जाता है हर भारतीय

***नई दिल्ली।*** *गणतंत्र दिवस के दिन हर किसी के अंदर देशभक्ति की भावना देखने को मिलती है। इसके साथ ही हर तरफ आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिलेंगे जो सालों से चले आ रहे और उन्हें सुनकर देशभक्ति का जोश लोगों के अंदर जग जाता है। बॉलीवुड ने कई देशभक्ति फिल्में बनाई हैं और उनके गाने आज भी लोग पूरे दिल से सुनते हैं। हिंदी सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो लोगों को दिलों को छू गई। उन्हीं फिल्मों में कई ऐसे गाने रहे जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।*

### छोड़ो कल की बातें

1960 में रिलीज हुई फिल्म हम हिंदुस्तानी का ये गाना है। फिल्म में सुनील दत्त, आशा पारेख, संजीव कुमार और जॉय मुखर्जी जैसे कलाकार नजर आए थे। 'छोड़ो कल की बातें'गाना सुनील दत्त पर फिल्माया गया था, जबकि इस गाने को मुकेश ने गाया था। गाने के बोल प्रेम धवन ने लिखे थे और इसका म्यूजिक उशा खन्ना ने तैयार किया था। ये एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म थी जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।

### भारत का रहने वाला हूं

1970 में रिलीज हुई फिल्म पूरब और पश्चिम मनोज कुमार ने ही बनाई थी। फिल्म में मनोज कुमार ही लीड रोल में नजर आए थे और उनके अपोजिट सायरा बानो नजर आई थीं। ये एक सुपरहिट फिल्म थी और फिल्म में प्राण, अशोक कुमार, निरुपा रॉय, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में थे। 'भारत का रहने वाला हूं' गाना सदाबहार बन गया था। इस गाने को महेंद्र कपूर ने गाया था, जबकि गाना मनोज कुमार पर ही फिल्माया गया था। इस गाने का म्यूजिक कल्याणजी आनंदजी ने तैयार किया था और इसके बोल इंद्रवर ने लिखे थे।



### आई लव माई इंडिया

1997 में रिलीज हुई फिल्म परदेश के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुभाष घई थे। फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी, अपूर्व अग्निहोत्री, अमरीश पुरी और आलोक नाथ अहम किरदारों में नजर आए थे। 'आई लव माई इंडिया'गाना उसी फिल्म का है जिसे आज भी लोग शान के साथ सुनते हैं। इस गाने को हरिहरण, कविता कृष्णमुर्ति, शंकर महादेवन, आदित्य नारायण ने गाया था। गाने का म्यूजिक नदीम-श्रवण ने तैयार किया था और बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

### संदेशे आते हैं

1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को जेपी दत्ता ने बनाया था। फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील दत्त, अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसका दूसरा पार्ट 2026 में रिलीज होगा।'संदेश आते हैं' गाना उसी फिल्म का है और आज भी पसंद किया जाता है। इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### ऐ मेरे वतन के लोगों

दिवंगत सिंगर लता मंगेशकर का ये गाना किसी फिल्म का नहीं है। उन्होंने लाइव ये गाना गाया था और बताया जाता है पहली बार जब उन्होंने ये गाना गाया तब ऑडियंस में बैठे सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए थे। उन लोगों में उस दौर के पीएम स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू भी थे, जिनकी आंखें भर आई थीं। इस गाने को आज भी लोग सुनते हैं और इमोशनल हो जाते हैं। लता मंगेशकर जब भी लाइव कॉन्सर्ट करती थीं, तब ये गाना पब्लिक डिमांड पर वो सुनाती थीं।

### मेरा मुल्क मेरा देश

1996 में रिलीज हुई फिल्म दिलजले के डायरेक्टर हैरी बावेजा थे। फिल्म में अजय देवगन और सोनाली बेंद्रे लीड रोल में थे। फिल्म में ये गाना तीन बार दिखाया गया था और आज भी लोग इस गाने को खास दिनों में सुनते हैं।'मेरा मुल्क मेरा देश' गाना कुमार सानू और आदित्य नारायण के साथ अलका यागनिक ने गाया था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे जबकि इसका म्यूजिक अनु मलिक ने तैयार किया था।

## मुख्यमंत्री सैनी को हजारों श्रद्धालुओं ने दी हार्दिक बधाई, भक्ति और प्रेम की लहरें छाई रही

# सीएम सैनी के जन्मदिन पर हवन कर की लंबी आयु की कामना

**मुख्यमंत्री नायब सैनी जन-जन को प्रिय : ज्वाहर सैनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिवस रविवार को पूरे प्रदेश में उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जींद जिले की ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध शक्तिपीठ जयंती माता मंदिर के प्रांगण में भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में हवन, यज्ञ का आयोजन रहा। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के हिसार जिला के प्रभारी व पार्टी के वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी ने परिवार सहित विधि विधान से पूजा अर्चना एवं हवन में आहूति डाल कर मुख्यमंत्री की लंबी आयु की कामना की। साथ ही सायंकाल भजन संध्या का विशेष आयोजन रहा और भजनों एवं धार्मिक गीतों की प्रस्तुति दी। भारतीय जनता पार्टी के हिसार जिला के प्रभारी व पार्टी के वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी जन-जन को प्रिय हैं। उनकी जनकल्याणकारी नीतियां आज किसी से छुपी नही हैं। भजन संध्या भक्तों के बीच भक्ति भावना को और गहरा करने वाली होगी तथा मुख्यमंत्री के उज्ज्वल भविष्य एवं हरियाणा की समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गई हैं।


जींद। जयंती देवी मंदिर में पूजा करते हुए जवाहर सैनी व अन्य।

### जनसमर्थन के साथ ऐतिहासिक आयोजन

यह कार्यक्रम सर्व समाज के सहयोग से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व हिसार भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी जवाहर सैनी, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डा. रामपाल सैनी, सैनी महापंचायत सभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दहिया सहित गणमान्य अतिथि एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जवाहर सैनी ने बताया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री के प्रति जनता के अटूट प्रेम एवं विश्वास का प्रतीक है। अशोक छाबडा ने कहा कि जयंती माता की पावन धरा पर यह उत्सव न केवल जन्मदिन की शुभकामनाओं का माध्यम बनाए बल्कि प्रदेश में एकताए भक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी कर गया। यह भव्य धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हरियाणा की जनता के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रति गहरे लगाव एवं समर्थन को स्पष्ट रूप से दर्शाता हैए जो उनके लोकप्रिय नेतृत्व का जीता.जागता प्रमाण है। माता मंदिर की पावन धरा पर आयोजित यह उत्सव न केवल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिवस की शुभकामनाएं अर्पित करने का माध्यम बना बल्कि प्रदेशवासियों के बीच एकता, भक्ति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी किया।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान कर जनसेवा का संकल्प लिया : डा. अनुराधा


जींद। रक्क्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करते हुए डा. अनुराधा सैनी।

जींद। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का 56वां जन्मदिन 25 जनवरी को पूरे प्रदेश में सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। यह केवल एक जन्मदिन समारोह नही बल्कि समाज को सेवा, संवेदना और मानवता का संदेश देने का एक प्रेरणादायी अवसर बन गया। मुख्यमंत्री के सेवा प्रधान व्यक्तित्व से प्रेरित होकर प्रदेशभर में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें सबसे प्रमुख रहा रक्तदान शिविर। इसी कड़ी में जींद स्थित राज हॉस्पिटल में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं, समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक चले इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर यह संदेश दिया कि रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान बन सकता है। इस अवसर पर लगभग 102 युवाओं ने रक्तदान किया। इसके साथ ही सात महिलाओं ने भी रक्तदान कर मुख्यमंत्री को अपना आर्शीवाद दिया। इस दौरान सभी रक्तदाताओं को लाइफ लाइन ब्लड सेंटर की और से सभी रक्तदाताओ को विशेष उपहार देकर समानित किया गया। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने बताया की रक्तदान जीवन बचाने की सबसे बड़ी सेवा है। रक्त की कमी आज भी कई मरीजों के लिए एक गंभीर समस्या बनी हुई है। दुर्घटना, सर्जरी, थैलेसीमिया, कैंसर और गर्भवती महिलाओं के उपचार में रक्त की निरंतर आवश्यकता होती है। ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से जोडना समाज के लिए एक सशक्त संदेश है कि सेवा का अर्थ केवल शब्द नहींए बल्कि कर्म है। भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. राज सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का व्यक्तित्व हमेशा सादगी, संवेदनशीलता और सेवा भावना से जुड़ा रहा है।

## साइबर ठगों ने किसान के खाते से निकाले साढ़े छह लाख रुपये

- साइबर थाना पुलिस ने किया अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

जींद। किसान के खाते से साइबर ठगों ने मोबाइल फोन हैक करके छह लाख 48 हजार 600 रुपये निकाल लिए। मोबाइल फोन हैक होने के बाद न तो कोई कॉल आई और न ही गई। साइबर थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दनौदा निवासी कर्मवीर ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। कर्मवीर ने बताया कि 13 जनवरी को वह अपने घर पर ही था। उसने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगाया हुआ था। इसी बीच वह सो गया। काफी समय के बाद उसका भाई उसके पास आया और बोला की आपका फोन नहीं मिल रहा है। कर्मवीर ने कहा कि उसका फोन तो ठीक है, जब दोबारा फोन मिलाने पर भी नहीं मिला तो उसने अपना फोन चेक किया। उसके फोन से न तो कोई काल लग रही थी और न ही कोई काल आ रही थी। कर्मवीर ने फोन को रिस्टार्ट किया लेकिन उसे पता चला कि उसका फोन हैक हो चुका है।

**सोसायटी ने मनाई गुरु रविदास जयंती**

जींद। डॉ. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी जींद द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती एक फरवरी को प्रधान राजेश पहलवान की अध्यक्षता में गुरु रविदास धर्मशाला सफीदों रोड जींद में बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी।







## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपित गिरफ्तार

**नौकरी दिलाने के नाम पर 6.23 लाख रुपये की करी थी ठगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर थाना नरवाना पुलिस ने रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले कई वर्षों से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान नई बस्ती नरवाना निवासी नीरज के रूप में हुई है।

दस दिसंबर 2027 को शहर थाना में शिकायत देकर हनुमान नगर नरवाना निवासी सोमबीर ने बताया था कि नीरज ने स्वयं को रेलवे विभाग में उच्च अधिकारियों का रिश्तेदार बता कर टिकट कलेक्टर की नौकरी लगवाने की बात कही थी। उसकी बातों में आकर उन्होंने उसे कुल छह लाख 23 हजार रुपये दिए थे। आरोपित ने पहले दस्तावेज तैयार कराने, फिर परीक्षा, मेडिकल और अंत में नियुक्ति पत्र देने के नाम पर अलग-अलग तिथियों में रकम ली। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपित ने शिकायतकर्ता को रेलवे का फर्जी नियुक्ति पत्र सौंपा था। जिसकी पुष्टि उत्तर रेलवे मंडल


जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

कार्यालय नई दिल्ली से करवाई गई थी, जो पूरी तरह से जाली पाया गया। ठगी का खुलासा होने पर जब शिकायतकर्ता ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लंबे समय तक छिपता रहा।ए जिस पर उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। तकनीकी जांच व गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित नीरज को गिरफ्तार करके उसके मकान से 15 हजार रुपये नगद बरामद किए गए। जिन्हें नियमानुसार कब्जा पुलिस में लिया गया तथा आरोपित नीरज को अदालत में पेश करके आगामी कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है।

## हिंदू कन्या कॉलेज में मनाया मतदाता दिवस

जींद। लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने एवं युवा मतदाताओं में नागरिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चुनावी साक्षरता क्लब के तत्वावधान में एक भव्य शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन चुनावी साक्षरता क्लब की संयोजिका डा. सुषमा गर्ग द्वारा अत्यंत कुशलता एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। समारोह में महाविद्यालय की लगभग 70 छात्राओं तथा 10 स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को यह शपथ दिलाई गई कि मतदान करना उनका मौलिक अधिकार है तथा वे अपने मताधिकार के प्रति सदैव जागरूक रहेंगे। साथ ही उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदाता बनकर भारतीय लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत बनाने में अपना सकारात्मक योगदान देंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नही बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व भी है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक नागरिक जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं मतदान के प्रति सजग रहें तथा समाज में भी इसके महत्व का प्रचार-प्रसार करें।

## अपने मताधिकार का प्रयोग समझदारी और जिम्मेदारी के साथ करें : सीटीएम

- नाट्य प्रस्तुतियों एवं रागनियों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रभावी ढंग से बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में रविवार को 16वां जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस भव्य एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर सीटीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित रही। उन्होंने लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए इसके प्रति जागरूक किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाट्य प्रस्तुतियों एवं रागनियों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रभावी ढंग से बताया गया। वहीं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली द्वारा भी मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सीटीएम मोनिका रानी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी। इसी कारण प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में प्रदर्शित थीम एवं मेरा भारत, मेरा वोट लोगों की जानकारी देते हुए बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यह केवल इसलिए संभव हो पाया है। क्योंकि देश के नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र सशक्त बनता है। उन्होंने डा. भीमराव अंबेडकर के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकतंत्र केवल शासन की एक प्रणाली नही है बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से श्रेष्ठ बूथ लेवल अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।














जींद। गणतंद्ध दिवस समारोह को लेकर तैयार किया गया पंडाल।

# गणतंत्र दिवस को लेकर सभी तैयारिया पूरी

- कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी करेंगी ध्वजारोहण
- समारोह की तैयारियों को लेकर डीसी व एसपी ने लिया जायजा
- सरकारी योजनाओं को दर्शाती हुई निकाली जाएंगी झांकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। संभावित बारिश के कारण 77वां गणतंत्रता दिवस समारोह मनाने के लिए वैकल्पिक तौर पर नई अनाज मंडी में व्यवस्था की गई है। अगर इस दौरान बरसात न हुई तो यह समारोह पुलिस लाइन मैदान में ही मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल नई अनाज मंडी में कर ली गई है। जिसमें सभी प्रतिभागी विभाग, परेड टुकडिय़ां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों ने भाग लिया है। गणतंत्र दिवस समारोह में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगी और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न स्कूलों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, पीटी, डंबल आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी को दर्शाती झांकियां भी निकल जाएगी। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वह गणतंत्र दिवस समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जन भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपनी डयूटी को पूरी कर्तव्य एवं निष्ठा के साथ निभाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सामारोह स्थल पर साफ-सफाई, पीने के पानी, स्टेडियम के शौचालयों की सफाई, स्टेज की सजावट तथा अन्य कार्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और इस दिशा में अधिकारियों को विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### स्कूली बच्चे देंगे देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां

गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़ कर एक देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल हो चुकी है। वहीं कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की जा रही सरकार की जनहितैषी कल्याणकारी योजनाओं की थीम पर आधारित तथा हरियाणा की प्रगति को दर्शाती हुई झांकियां निकाली जाएंगी। झांकियों में किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी गई है।

### 26 जनवरी को प्रत्येक उपमंडल में होंगे कार्यक्रम

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला के सभी उपमंडलों में भी 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। 26 जनवरी को प्रत्येक उपमंडल में कार्यक्रम आयोजित होंगे। सफीदों उपमंडल में विधायक रामकुमार गौतम, उचाना में विधायक देवेंद्र अत्री, जुलाना में जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रानी तथा नरवाना में पानीपत शहर के विधायक प्रमोद कुमार विज बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे और राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। सभी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि शहीदों एवं वीरांगनाओं के लिए बैठने की समुचित एवं सम्मानजनक व्यवस्था की जाए ताकि गणतंत्र दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो।

# गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध, पुलिस अलर्ट

**पुलिस सुरक्षा चाक चौबंद, शहर में चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के शांतिपूर्ण, गरिमामय एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर जींद पुलिस ने जिलेभर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में जिले को सुरक्षा चक्र में लेते हुए हर स्तर पर कड़े प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर मौके पर तैनात सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों एवं क्राइम यूनिट प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में होटल, सराये, धर्मशालाओं एवं सार्वजनिक स्थलों की सघन जांच करने के आदेश दिए हैं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के पाए जाने पर तत्काल जांच एवं चरित्र सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।जिला जींद में सुरक्षा का कड़ा घेरा। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पूरे जिले में कुल 27 पुलिस नाके लगाए गए हैंए जिनमें से 15 नाके शहर जींद में स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त शहर में चार पेट्रोलिंग पार्टियां तथा जिलेभर में 15 पेट्रोलिंग पार्टियां, 24 रिस्पॉन्स वाहन, 25 राइडर बाइक यूनिट, 2 स्वेट टीमें (कमांडो) आधुनिक हथियारों से लैस होकर लगातार गश्त करेंगी।

### उच्च स्तरीय निगरानी व्यवस्था



26 जनवरी के मुख्य कार्यक्रम के दौरान चार डीएसपी स्तर के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। इसके साथ ही करीब 1150 से अधिक पुलिस अधिकारी व जवान कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में तैनात रहेंगे। भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादे कपड़ों में पुलिस कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं, जो हर संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखेंगे। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने निर्देश दिए हैं कि अगले दो दिनों तक सभी नाकों पर बाहर से आने वाले वाहनों की सघन जांच की जाएगी ताकि किसी भी असामान्य या अवांछित गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। जींद पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे पुलिस का सहयोग करें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या डायल 112 पर दें।

## कोर्ट परिसर में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

जींद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय लघु सचिवालय स्थित कोर्ट परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय पर्व को गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा।



























## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर डिप्टी स्पीकर क्लीनिक पर लगा नि:शुल्क रक्त जांच शिविर

जींद। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अपने निवास पर एक निशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन, विशेषकर जरूरतमंद एवं बीमार व्यक्तियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना था। डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने बताया कि शिविर के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने रक्त जांच, बीपी एवं शुगर की जांच करवाई। इसके साथ-साथ पात्र बीमार व्यक्तियों को बीपी व शुगर जांच की किट भी निशुल्क वितरित की गई ताकि वे नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की निगरानी कर सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के दीर्घायू, उत्तम स्वास्थ्य एवं प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना को लेकर यज्ञ, हवन का भी आयोजन किया गया। डा. मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनकल्याण और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दे रही है और ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## गणतंत्र के गौरव में नन्हे कदमों की गूंज




जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

- मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य, प्रेरणादायी एवं राष्ट्रभाव से ओतप्रोत विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। यह आयोजन देश की लोकतांत्रिक परंपराओं, संविधान की महत्ता तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को बालमन में सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल विद्यालय प्रांगण में हुआ। संपूर्ण परिसर देशभक्ति के रंगों में रंगा हुआ प्रतीत हो रहा था। तिरंगे की सजावट, राष्ट्रभक्ति से सुसज्जित मंच, विद्यार्थियों की वेशभूषा और अनुशासित पंक्तियां विद्यालय के अनुकरणीय संस्कारों को दर्शा रही थीं। सभा का आरंभ राष्ट्रगान से हुआ। जिसे नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने पूरे गर्व और आत्मसम्मान के साथ गाया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति प्रार्थना ने वातावरण को भाव विभोर कर दिया। नर्सरी और केजी कक्षाओं के बच्चों की मासूम प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित गणों के मन को छू लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस का महत्व, भारतीय संविधान की विशेषताएं, स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान तथा देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्य जैसे विषयों पर सरल किंतु प्रभावशाली शब्दों में अपने विचार प्रस्तुत किए। कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा दी गई भाषण प्रस्तुतियां यह दर्शाती थीं कि विद्यालय केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नही बल्कि नैतिक मूल्यों और देशभक्ति की भावना को भी प्राथमिकता देता है।